SHRI PRIYARANJAN DASMUNSI: Sir, so many issues have been raised...*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINHA: Will you explain the embezzlement of flood relief in Bihar? ...*(Interruptions)*...

SHRI PRIYARANJAN DASMUNSI: Sir, it is unfortunate that hon. Members do not want to listen to the important reply ...*(Interruptions)*... They don't want to hear my reply...*(Interruptions)*... Sir, I am prepared to respond to all the points raised by various hon. Members during the course of the discussion...*(Interruptions)*... They have no interest in irrigation ...*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINHA: Sir, first you listen to our request ...*(Interruptions)*...

SHRI PRIYARANJAN DASMUNSI: They have no interest to listen about the problems of their States...*(Interruptions)*... They are only interested in political issues...*(Interruptions)*.. .Sir, I conveyed to them ...*(Interruptions)*... Possibly, they are not keen to listen...*(Interruptions)*...

**श्री सभापति** : सदन की कार्यवाही अपराह्न 4 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

The House then adjourned at twenty-eight minutes past two of the clock

The House reassembled at four of the clock,
MR. CHAIRMAN in the Chair.

## *STATEMENT RE. SABARMATI EXPRESS ACCIDENT ON 21ST APRIL, 2005.

**श्री सभापति** : बोलिए श्री नारनभाई रठवा।

**श्रीमती सुषमा स्वराज** (उत्तराँचल) : सभापति महोदय ...**(व्यवधान)**...

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नारनभाई रठवा)** : सभापति महोदय ...**(व्यवधान)**...

**श्री एस. एस. अहलुवालिया** : सभापति जी, ...**(व्यवधान)**...

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : सभापति महोदय, हमने प्रार्थना की थी ...**(व्यवधान)**...

**कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश पचौरी)** : महोदय, यह रेल दुर्घटना से संबंधित बयान है, इसलिए इसको

* Made on behalf of Shri Lalu Prasad, Hon. Minister of Railways.

गंभीरता से लिया जाना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... मैं प्रार्थना करुंगा कि शांतिपूर्वक बैठकर माननीय सदस्य इसको सुनें। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** सभापति जी, हमने आपसे प्रार्थना की थी कि जब तक हमारी बात का समाधान नहीं हो जाता ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति :** यह स्टेटमैंट आपके कहने से ही हो रहा है। कल आपने डिमांड की थी कि साबरमती एक्सप्रेस का जो रेल ऐक्सिडेंट हुआ है, उस पर वक्तव्य दिलाया जाए, गवर्नमेंट वक्तव्य दे रही है, उसको सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** हम आपसे आग्रह कर रहे थे कि जब तक हमारी बात का समाधान नहीं हो जाता, हम सरकारी पक्ष ...(**व्यवधान**)...

**श्री नारनभाई रठवा :** सभापति महोदय, पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल के समालया स्टेशन पर दिनांक 21.04.2005 को 9168 अप साबरमती एक्सप्रेस एवं मालगाड़ी के बीच हुई टक्कर के संबंध में राज्य सभा में मैं बयान दे रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** सभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)... प्रधानमंत्री को बुलवाइए, इस बात का समाधान ...(**व्यवधान**)...

**श्री नारनभाई रठवा :** मुझे सम्मानित सदन को यह सूचना देते हुए गहरा शोक हो रहा है कि दिनांक 21.04.2005 को प्रातः लगभग 3 बजकर 10 मिनट पर पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल ...(**व्यवधान**)... के गोधरा-वडोदरा सैक्शन पर 9168 अप साबरमती एक्सप्रेस ने समालया स्टेशन पर अप लूप-लाइन पर पहले से खड़ी मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। ...(**व्यवधान**)... इस दुर्घटना के फलस्वरूप यात्री गाड़ी का इंजन एवं 8 डिब्बे पटरी से उतर गए ...(**व्यवधान**)... जिसमें से 7 डिब्बे उलट गए। ...(**व्यवधान**)... दुर्घटना की सूचना मिलते ही वडोदरा, रतलाम एवं अहमदाबाद से चिकित्सा पदाधिकारियों के दल को लेकर दुर्घटना रिलीफ मेडिकल वैन घटना स्थल के लिए रवाना हो गई। ...(**व्यवधान**)... पदाधिकारियों के दल के साथ दुर्घटना रिलीफ ट्रेन भी वडोदरा, रतलाम, कंकरिया एवं उधना से घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। ...(**व्यवधान**)... घायल यात्रियों को सायाजी राव अस्पताल, वडोदरा और अन्य नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। ...(**व्यवधान**)... मैंने स्वयं रेल राज्य मंत्री श्री नारनभाई रठवा, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ दुर्घटना स्थल का दौरा किया एवं सायाजी राव अस्पताल में कुछ घायल यात्रियों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। ...(**व्यवधान**)...

इस दुर्घटना में मारे गए एवं घायल व्यक्तियों की अद्यतन स्थिति निम्न प्रकार है :-

मृतकों की संख्या - 16 (यात्री गाड़ी के चालक एवं सहचालक सहित) ...(**व्यवधान**)... एवं घायलों की संख्या - 137, जिनमें 35 गंभीर एवं 102 साधारण घायल हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति :** मंत्री जी, आप इसे ले कर दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री एस. एस. अहलुवालिया :** ले कर दें। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** इतने गंभीर विषय पर ...(**व्यवधान**)...

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE (West Bengal): We want a copy of the statement. ...*(Interruptions)*... We want to seek clarifications on the statement. ...*(Interruptions)*... We want to seek clarifications. ...*(Interruptions)*... Sir, how can you do that? ...*(Interruptions)*... We want clarifications. ...*(Interruptions)*... This is a serious thing. ...*(Interruptions)*... यह एक सीरियस रिपोर्ट है ऐक्सिडेंट की, इसके ऊपर हम क्लेरिफिकेशंस मांगना चाहते हैं। ...**(व्यवधान)**...

**श्री नारनभाई रठवा** : मैंने मृतकों के आश्रितों एवं घायल यात्रियों को निम्न प्रकार से अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है :-

मृतकों के मामले में - 1,00,000 रुपए प्रत्येक

गंभीर रूप से घायलों को - 15,000 रुपए प्रत्येक

मामूली रूप से घायलों को - 5,000 रुपए प्रत्येक ...**(व्यवधान)**...

उपरोक्त अनुग्रह राशि के अतिरिक्त रेल दावा प्राधिकरण के द्वारा निर्धारित मृतकों के आश्रितों को 4 लाख रुपए एवं घायलों को भी प्राधिकरण द्वारा निर्धारित राशि का मुआवजा दिया जाएगा। ...**(व्यवधान)**... मारे गए व्यक्तियों के आश्रितों एवं इस दुर्घटना में अपंग हुए व्यक्तियों को रेलवे में रोजगार भी मुहैया कराया जाएगा। ...**(व्यवधान)**... मैंने निर्देश दिया है कि घायलों का मुफ्त इलाज रेलवे की तरफ से कराया जाएगा एवं इलाज के पश्चात उन्हें अपने परिजनों के पास रेल के खर्चे पर पहुंचाया जाएगा। ...**(व्यवधान)**... मामूली रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद एवं अन्य यात्रियों को विशेष गाड़ी द्वारा दुर्घटना स्थल से उनके गंतव्य स्थान पर भेज दिया गया है। ...**(व्यवधान)**... दुर्घटना का कारण प्रथम दृष्ट्या रेल कर्मचारियों की गंभीर लापरवाही एवं कर्तव्य के प्रति गैर-जिम्मेदारी प्रतीत होती है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति:** देखिए, आप ले कर दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री नारनभाई रठवा:** प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये गये रेल कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति:** आप ले करवा दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री नारनभाई रठवा:** पश्चिम क्षेत्र के रेल संरक्षा आयुक्त ने घटना स्थल का निरीक्षण कर लिया है और घटना के कारणों की जांच का कार्य प्रारंभ कर दिया है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति:** माननीय मंत्री महोदय, कृपया आप सुनिए तो सही। आप इसे सदन में ले कर दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री नारनभाई रठवा:** महोदय, मुझे खेदपूर्वक सूचित करना है कि जब मैं सायाजी अस्पताल, वडोदरा में घायल यात्रियों से मिलने जा रहा था तो बजरंग दल, ...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति:** आप ले कर दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री नारनभाई रठवा:** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं विश्व हिन्दू परिषद् के कार्यकर्ताओं ने मेरे खिलाफ नारेबाजी की, मुझे गालियां दी, मेरी गाड़ी पर हमला कर दिया और गाड़ी में लगे विंड स्क्रीन को तोड़ दिया और मुझे शारीरिक रूप से क्षति पहुंचाने की कोशिश की। ...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति:** आप ले कर दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री नारनभाई रठवा:** उन्होंने मुझ पर पानी से भरी बोतलें एवं बर्फ के टुकड़े भी फेंके। अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड एवं बोर्ड के अन्य पदाधिकारियों पर भी पथराव हुआ। ...**(व्यवधान)**... इस संबंध में यह भी उल्लेखनीय है कि मेरे अतिरिक्त निजी सचिव ने कुछ व्यक्तियों को पेट्रोल से भरी जरी केन एवं माचिस लेकर मेरी गाड़ी को आग लगाने के उद्देश्य से गाड़ी की ओर बढ़ते हुए देखा परन्तु वे अपने इस प्रयास में सफल नहीं हो सके। ...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति:** आप ले कर दीजिए ना। ...**(व्यवधान)**...

**श्री नारनभाई रठवा:** अस्पताल परिसर में गुजरात सरकार के एक पूर्व मंत्री, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं को भड़काते हुए देखे गए ...**(व्यवधान)**... उनके इस असभ्य व्यवहार एवं अराजकता की स्थिति के कारण मैं अस्पताल में भर्ती कुछ घायल यात्रियों से नहीं मिल सका। इस परिस्थिति में मैंने अस्पताल से प्रस्थान करने का निर्णय लिया। ...**(व्यवधान)**... गुजरात सरकार के कुछ मंत्रियों की उपस्थिति में बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने दुर्घटना-स्थल पर भी निरीक्षण के दौरान बाधा पहुंचाई। ...**(व्यवधान)**... जिला प्रशासन ने यथोचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं की एवं वे पूरे घटनाक्रम के दौरान मूक दर्शक बने रहे। वहां पर पूरी तरह से अराजक स्थिति बनी हुई थी। पश्चिम रेलवे ने इस घटना के बारे में राओपुरा पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। ...**(व्यवधान)**...

मैं भारतीय रेल की ओर से एवं अपनी ओर से दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के परिजनों एवं घायल यात्रियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।...**(व्यवधान)**... मुझे विश्वास है कि पूरा सदन शोकाकुल परिवारों के प्रति शोक प्रकट करने में मेरे साथ होगा। मैं सदन को एक बार पुन: आश्वस्त करना चाहता हूं कि दुर्घटनाग्रस्त यात्रियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी एवं जांच के बाद दोषी पाए गए पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ...**(व्यवधान)**... रेल संरक्षा एवं सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है एवं भविष्य में इस प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे।

SHRI MANOJ BHATTACHARYA (West Bengal): Sir, we need clarifications ...*(Interruptions)*...

**श्री सभापति:** सदन की कार्यवाही कल 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

The House then adjourned at eight minutespast four of the clock till eleven of the clock on Tuesday, the 26th April, 2005.



MGIPMRND—1178RS—28-07-2005.